संक्षिप्त

गणना प्रपत्र भरवाने का चरण आज से

कोटपूतली। राजस्थान सहित 12 राज्यो में मंगलवार से विशेष गहन पुनरीक्षण यानि एसआईआर के तहत बीएलओ घर-घर जाकर सर्वेक्षण का काम शुरू करेंगे। उक्त कार्य के संबंध में सुपरवाइजर एवं बीएलओ के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका गोस्वामी ने बाबा नारायणदास शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय विराटनगर एवं राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय कोटपुतली में प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए. उन्होंने फॉर्म वितरण व्यवस्था का जायजा लेकर समस्त सुपरवाइजर और बीएलओ से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान दी गई जानकारी का गहनता से अध्ययन करें, किसी संशय की स्थिति में नहीं रहे प्रशिक्षण देने वाले अधिकारियों से चर्चा करें, उक्त कार्य को जिम्मेदारी से निभाने में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरते, अपने दायित्वों को अच्चेसे समझे. कोई भी पात्र व्यक्ति का गणना प्रपत्र छूटे नहीं और अपात्र व्यक्ति जुड़े नहीं इस बात की सावधानी रखी जावे। उन्होंने कहा कि मैपिंग के कार्य में पीछे रहने वाले बी एल ओ अधिक गति के साथ साथ करे. साथ ही निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरश पालना सुनिश्चित करने को कहा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान प्रशिक्षण में शामिल सुपरवाइजर और बी एल ओ से चर्चा करते हुए बताया कि 4 नवबंर से 4 दिसंबर तक की यह अवधि काफी अहम है क्योंकि इसमें राज्य के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर पहुंचकर उनसे 2 प्रतियों में गणना प्रपत्र भरवाएंगे जिसमें से एक प्रति रसीद के तौर पर मतदाता के पास ही रहेगी । उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना प्रपत्र काफी आसान बना दिया है।

सहायता शिविर 7 नवम्बर को

दौसा। जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर एवं कैरियर वार्ता का आयोजन 7 नवम्बर, शुक्रवार को जिला रोजगार कार्यालय परिसर में किया जाएगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कंपनिया भाग लेगी। शिविर में भाग लेने वाले आशार्थियों का क्यूआर कोड की सहायता से रजिस्ट्रेशन ऑनलाईन किए जा रहे हैं। जिला रोजगार अधिकारी श्याम लाल शर्मा ने बताया कि इस एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर एवं कैरियर वार्ता का आयोजन रोजगार सेवा निदेशालय जयपुर के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

रोजी को मिला आयरन लेडी अवार्ड

शाहपुरा । रोजी पहली ट्रांसजेण्डर महिला है जिन्हें आयरन लेडी अवार्ड मिला है। रोजी महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक एनजीओं भी चलाती है "नई सोच नई शक्ति" इनका मुख्य उद्देश्य ट्रांसजेण्डर समुदाय को समाज की मुख्य धारा से जोडना है। यही नहीं ये अपने एनजीओं के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को हर प्रकार की मदद भी उपलब्ध कराती है जिससे वे अभावों से निकलकर समाज में इज्जत की जिंदगी जी सके। इस काम में इन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ा लेकिन रोजी ने कभी पीछे मुड़ कर नहीं देखा। यही कारण है कि आज इन्हें समाज का सहयोग एवं सफलता भी मिल रही है। हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता संगठन के संयुक्त तत्वावधान में जयपुर के रोटरी भवन सभागार में वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन एवं विचार प्रस्तुति का भव्य आयोजन किया गया था।

सवाई जयसिंह की जयंती मनाई

चाकसू। कस्बे की सूर्या कॉलोनी में महाराज सवाई जयसिंह द्वितीय की जयंती मनाई । एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर जिला देहात दक्षिण ने बताया कि महाराजा सवाई जयसिंह जी द्वितीय जैसे महानायक सदैव अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहे। उनकी शौर्य, कूटनीति और दूरदृष्टि ने न केवल जनता का दिल जीता बल्कि कई राजा महाराजा भी प्रभावित थे।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मूलभूत समस्याओं को लेकर सेवर कस्बे के लोगों ने नगर निगम के खिलाफ धरना दिया

भरतपुर (निस)। भरतपुर के सेवर कस्बे में स्थानीय निवासी अपनी मूलभूत समस्याओं को लेकर नगर निगम के खिलाफ धरने पर बैठे हैं। लोगों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी, वे धरना स्थल से नहीं उठेंगे।

■ **क्षेत्र में लंबे समय से ड्रेनेज और गंदे पानी की निकासी की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। पार्षद नीरज चौधरी ने कहा कि सेवर हॉस्पिटल रोड से लेकर राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केंद्र तक ड्रेनेज सिस्टम और गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य की स्थिति सुधर सके।**

सेवर वासियों ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से ड्रेनेज और गंदे पानी की निकासी की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। पार्षद नीरज चौधरी ने कहा कि सेवर हॉस्पिटल रोड से लेकर राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केंद्र तक ड्रेनेज सिस्टम और गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता और स्वास्थ्य की स्थिति सुधर सके। स्थानीय निवासियों ने यह भी मांग की कि जहां अंधेरा रहता है वहां नए पोल और लाइटें लगाई जाएं। साथ ही सेवर बाजार और गलियों में पेज वर्क, नालियों की सफाई और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। लोगों ने कहा कि वे अपनी समस्याओं का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं, लेकिन यदि उनकी मांगें अनसुनी रहीं तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

भरतपुर में नगर निगम के खिलाफ धरना, ड्रेनेज और सफाई व्यवस्था सुधारने की उठी मांग।

नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

कोटपूतली। क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने सोमवार को निकटवर्ती ग्राम गोनेड़ा स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के नवनिर्मित भवन का बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पण किया। इस मौके पर विधायक पटेल ने कहा कि स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र की नींव हैं। इसी भावना के साथ यह पहल जनसेवा की एक नई मिषाल स्थापित करेगी। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित सीएचसी भवन ग्रामीणों को उच्च स्तरीय, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। पटेल ने कहा कि इस भवन के लोकार्पण से स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिलेगी। ग्राम गोनेड़ा में चिकित्सा केंद्र भवन के लोकार्पण से आसपास के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें सुलभ होंगी। इस नवीन भवन के आरंभ होने से ना केवल दवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित होगी, बल्कि अधिक मरीजों का ईलाज हो सकेगा।

आज से बीएलओ घर-घर पहुंचकर करेंगे फॉर्म वितरण व संग्रहण का कार्य

टोंक। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियां का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जिले में 28 अक्टूबर से शुरू हो गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी कल्पना अग्रवाल ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उद्देश्य मतदाता सूचियां को पूर्णत: सटीक, पारदर्शी और अद्यतन बनाना है, ताकि कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से छूटे नहीं और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरण का कार्य 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक किया जाएगा। इस कार्य में स्वयं सेवक के रूप में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायतीराज एवं शहरी निकायों के कार्मिकों, एनसीसी, स्काउट गाइड आदि का सहयोग लिया जाएगा। साथ ही राजनैतिक दलों के बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं (बीएलए) को भी इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा, विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत निर्वाचन विभाग द्वारा प्रत्येक मतदाता के लिए गणना प्रपत्र तैयार किए गए हैं। जिसे बीएलओ प्रत्येक मतदाता के घर पर पहुंचकर उपलब्ध करवाएंगे तथा गणना प्रपत्र भरवाकर वापस प्राप्त करेंगे। संबंधित मतदाता का विवरण प्राप्त करने में गत गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम वर्ष 2002 में तैयार मतदाता सूचियों से जानकारी प्राप्त की जा सकेगी।

जिला नर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिकांश मतदाताओं से कोई डॉक्यूमेंट लेने की जरूरत नहीं पड़ेगीं। बीएलओ 2002 की सूची के आधार पर मतदाताओं की मैपिंग कर रहे हैं। यदि किसी व्यक्ति से दस्तावेज लेना जरूरी हो तो वह बीएलओ को सहयोग करें। जिले में अब तक 70 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। जिला प्रशासन का प्रयास यही है कि एसआईआर के अंतर्गत प्रत्येक पात्र मतदाता के मैपिंग का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण हो। उन्होंने यह भी कहा है कि एसआईआर में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही एक मतदाता केवल एक गणना प्रपत्र ही भर सकते हें जिससे मतदाता सूचियों में डुप्लिकेसी भी दूर होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विगत एसआईआर की मतदाता सूची में यदि किसी मतदाता के माता-पिता या दादा-दादी का नाम सम्मिलित है तो उनके सटीक पारिवारिक संबंधों के आधार पर मैपिंग किया जा रहा है। उन्होंने ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया में बीएलओ हर घर पहुंचेंगे।

आसानी से कार्रवाई संपादित करवाएंगे। आमजन को इस कार्य के लिए कहीं भी जाने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में जिले में वर्तमान में कुल 1105 मतदान केन्द्र है, जिनमें 1105 बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) कार्यरत है।

भाजपा की कार्यकारिणी घोषित, भाजपाइयों में असंतोष फैला

दौसा। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा किये जाने के साथ ही विरोध के स्वरुप तेज हो गये है। जिला कार्यकारिणी में ब्राह्मण 5, वैश्य 5, एसटी 5, एससी 2 तथा बहुसंख्यक गुर्जर एवं सैनी समाज से मात्र 1-1 पदाधिकारी को शामिल किया गया है, जबकि अन्य समाजों की उपेक्षा की गई है। इधर जिला कार्यकारिणी में 30 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जानी थी, उसके स्थान पर जिला अध्यक्ष सहित कार्यकारिणी में मात्र 5 महिलायें शामिल की गई है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा की जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला ने हाल ही में जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है, जिसमें 8 उपाध्यक्ष, 3 महामंत्री, 7 मंत्री मनोनीत किये गये है। जिला कोषाध्यक्ष की नियुक्त नही की गई है। बताया जाता है कि जिला कार्यकारिणी में सभी समाजो को बराबर को प्रतिनिधित्व नही दिये जाने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओ में गहरा आक्रोश व्याप्त हो गया है। भाजपा की गाईड लाईन के अनुसार जिला कार्यकारिणी के 20 पदाधिकारियो में से 30 प्रतिशत महिलाओ के लिए आरक्षित किये गये थे, 6 पदो महिलाओ की नियुक्ति की जानी थी, उसके स्थान में जिला अध्यक्ष सहित 5 महिलाओ को की नियुक्त की गई है। जिला कार्यकारिणी में गुर्जर व सैनी समाज से एक-एक पदाधिकारी मनोनीत किया गया है, जबकि जिले की पांचो विधानसभा क्षेत्रों में गुर्जर एवं सैनी समाज के निर्णायक मतदाता है। उधर जिला कार्यकारिणी में भी क्षेत्रवाद हावि रहा है, बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र से मात्र 2 व्यक्तियों को शामिल किया गया है। वही दौसा विधानसभा क्षेत्र से सर्वाधिक 6, सिकराय व महवा से 4-4 तथा लालसोट विधानसभा क्षेत्र से 3 पदाधिकारी शामिल किये गये है। जिला कार्यकारिणी में बहुसंख्यक समाज की जमकर उपेक्षा की गई है, इतना ही नही एससी में बहुत सारी जातियां है, उसमें से मात्र एक जाति को ही प्रतिनिधित्व दिया गया है। भाजपा कार्यकर्ता दबे स्वर में आवाज उठा रहे है कि सम्पूर्ण जिले में वैश्य समाज के मात्र एक प्रतिशत मतदाता है, बावजूद इसके जिला कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष सहित पांच वैश्य समाज को प्रतिनिधित्व दिया गया है। जिला कार्यकारिणी को लेकर भाजपा में असंतोष फैल गया है तथा दबे स्वर में बोल रहे है कि भाजपा को राजपा में विलयीकरण हो गया है। इतना ही नही विधानसभा चुनावों में पार्टी की खिलाफत करने वालो को जिला कार्यकारिणी में स्थान दिये जाने के भी आरोप लगाये जा रहे है। जिला कार्यकारिणी में राजपूत एवं एससी की अन्य जातियों को स्थान तक नही दिया गया है।

अब देखना ये है कि भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मी रेला कार्यकर्ताओं को असंतोष दूर कैसे करती है। उधर पार्टी में व्याप्त असंतोष को दूर नही किया गया तो शीध्र ही इसका असर निकाय एवं पंचायत राज चुनावों में भी देखने को मिल सकता है।

परिगणना पत्र भरवाने का प्रशिक्षण

दौसा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला परिषद सभागार में दौसा विधानसभा क्षेत्र का द्वितीय ब्रीफिंग सत्र (प्रशिक्षण) कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजू मीणा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव आयोग के नवीनतम निर्देशों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए तथा परिगणना प्रपत्र को भरवाने का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ 4 नवंबर को फील्ड में घर-घर जाकर मतदाताओं को परिगणना प्रपत्र वितरण करेंगे तथा उन्हें भरवाकर पुन: कार्यालय में जमा करवायेंगे। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश दिए हैं कि वह घर-घर सर्वेक्षण के दौरान मतदाता सूची में नए मतदाता का नाम जोड़ने एवं सुधार करने तथा मृत्यु एवं स्थानांतरित मामलों में मतदाताओं का नाम विलोपित करने का कार्य पूरी पारदर्शिता से करेंगे।

खोया पाया

भूखण्ड संख्या बी-145, योजना पन्नाधाय नगर का आवंटन पत्र कहीं खो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। अन्जु यादव, मो. 8306948306

भूखण्ड संख्या ए-162, योजना केदार विहार का आवंटन पत्र कहीं खो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। प्रहलाद रैगर, मो. 9928737273

भूखण्ड संख्या एच-504, योजना केदार विहार का आवंटन पत्र एवं कब्जा पत्र कहीं खो गया है। मिलने पर सम्पर्क करें। अर्जुन लाल बैरवा, मो. 8385883806

The Original Documents Issued by Mitra Grah Nirman Sahakari Samiti, Jaipur For My Plot No-46, Yadav Nagar, Panipech, Have Been Lost Somewhere in the Banipark Area. If Found, Please inform Rohtash 6378062251

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम सुल्ताना कुरैशी (Sultana Qureshii) से बदलकर सुल्ताना बैगुम (Sultana Begum) रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम सुल्ताना बैगुम (Sultana Begum) पत्नी श्री सलीम कुरेशी के नाम से जाना जावे। निवासी-मकान नम्बर-41, विवेकानन्द कॉलोनी, आदर्श नगर, नियर सीमा होटल, जयपुर, राजस्थान

मैं सईद मोहम्मद पुत्र श्री अब्दुल गफुर निवासी-4, कागदी मोहल्ला, सांगानेर, जयपुर (राज.) मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम गलती से शायद मोहम्मद हो गया है यह दोनों नाम मेरी ही है सईद मोहम्मद व शाहिद मोहम्मद एक ही व्यक्ति है। मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

I have changed my name from Kaushik Kumar Bhardwaj to Kaushik Bhardwaj for all purposes.R/o D-263 Royal Aangan Society Harbanspura Jaisinghpura Ajmer Road Jaipur-302026

I Mohammed Farjad S/o Nizamuddin plot no 2231 chhappar bandon ka rasta ghat gate Jaipur Have Changed Name MOHAMMED FARZAD to MOHAMMED FARJAD

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण मीनाक्षी शर्मा व अनुराग शर्मा द्वारा श्रीमती पुष्पा उपाध्याय पत्नी श्री शिवदत्त उपाध्यांय निवासी प्लाट नम्बर 94, अग्रसेन नगर, महेश नगर जयपुर से उनके स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पत्ति प्लाट नम्बर 37 (मय निर्माण), प्रेम नगर विस्तार, मंगल विहार के पास, गोपालपुरा बाईपास रोड जयपुर राज. में स्थित है जिसका कुल क्षै0 300.17 वर्गगज है को खरीद करने का इकरार किया है यदि उक्त सम्पत्ति के विक्रय से किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था आदि को किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति (मय दस्तावेज) प्रस्तुत कर, सम्पर्क करे, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक-03.11.2025 मो.नं. 9829256466

आम सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री हुकमदार खां पुत्र श्री बलीयार खां निवासी- मकान नम्बर 5, मोहनपुर ईलाका रामपुर, फरीदपुर बरेली, उत्तर प्रदेश हाल- 733, बारियां का बाग, मौहल्ला नालबंदान, सुभाष चौक, जयपुर का पुत्र साहिल खान व उसकी पत्नी सुहाना बी दोनो मेरे मुवक्किल के कहे में नही है तथा दोनो ही आपस में छोटी छोटी बातों पर झगड़ा करते है तथा मेरे मुवक्किल के द्वारा समझाने पर ये दोनों मेरे मुवक्किल व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलोच व झगड़ा करते है तथा बदतमीजी भी करते है जिस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र व पुत्रवधु को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से एवं अपने परिवार से बेदखल कर दिया है और मेरे मुवक्किल के पुत्र व बहु से सभी संबंध समाप्त कर दिये है, जो कोई व्यक्ति मेरे मुवक्किल के पुत्र साहिल खान व बहु सुहाना बी से किसी भी तरह का सनव्यवहार करेगा उसका वह स्वयं जिम्मेदार होगा। कृपया सूचित रहे । भवदीय (फिरोज हुसैन) एडवोकेट, मो.- 9214943782

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे अभिभाष्य सुभाष चन्द गुप्ता पुत्र श्री लल्लू राम गुप्ता, निवासी 42-ए, कृष्णा नगर, न्यू सांगानेर रोड, जयपुर, राज. को पुत्र नमन गुप्ता, आयु 26 वर्ष, पुत्र श्री सुभाष चन्द गुप्ता मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है, उसका चाल-चलन ठीक नही है व बुरी संगत में है, मेरे अभिभाष्य के काफी समझाने के बावजूद भी मनमानी करता है, कुछ समय से मेरे अभिभाष्य व उनके परिवार से अलग अन्यत्र निवास कर रहा है। मेरे अभिभाष्य ने काफी समझाईश की परन्तु नमन गुप्ता के नही मानने पर मेरे अभिभाष्य ने हैरान व परेशान होकर मजबूरीवश नमन गुप्ता से अपने समस्त पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त करके उसको अपने उत्तराधिकार व वारिसाना हक से तर्क करके अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियो से बेदखल कर दिया है, अब नमन गुप्ता का मेरे अभिभाष्य व उनके परिवारजनो से किसी भी प्रकार से कोई सम्बन्ध व सरोकार नही रहा है और भविष्य मे भी नही रहेगा। भविष्य मे नमन गुप्ता अपने कृत्यो व वाद-विवाद का स्वय जिम्मेदार होगा, जो कोई भी नमन गुप्ता से किसी भी प्रकार का लेन-देन, संव्यवहार या अन्य कार्य करेगा, तो उन सबके लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा, उसमे मेरे अभिभाष्य व उनके परिवारजनो की किसी भी प्रकार का उत्तरदायित्व या देनदारी नही होगी।
(अब्दुल कादर) एडवोकेट, मो.-9829240442

राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक:8284 जाहिर आम-सूचना दिनांक:03.11.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगनेर योजना में आवास संख्या 32/468 (MIG-A), (एरिया 90.000 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री वैध ऋषि कुमार शर्मा पुत्र श्री राम दयाल शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1373 दिनांक 13.12.1991 को जारी किया गया। श्री वैध ऋषि कुमार शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 11.11.2005 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये । श्री वैध ऋषि कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 10.10.2018 को हो जाने के कारण हकत्याग पत्र के आधार पर इनके पुत्र श्री भुवनेश वशिष्ठ पुत्र स्व. श्री वैध ऋषि कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास को स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही हैं, श्री भुवनेश वशिष्ठ पुत्र स्व. श्री वैध ऋषि कुमार शर्मा का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल मुकेश कुमार पु. श्री चेताराम निवासी 114, निम्नी रोड, नॉगल तुलसीदास, ढाणी चेतावाली, बिसौरी जयपुर ने अपने पुत्रान नरेन्द्र मरोडिया व यशपाल मरोडिया, पुत्रीया चंचल मरोडिया, नीलम मरोडिया को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध समाप्त कर लिये है क्यो कि मेरे पुत्र व पुत्रीया मेरे कहने में नही है और ना ही मेरे साथ निवास करते है इसलिए भविष्य में उनका मेरे मुवक्किल से कोई वास्ता किसी प्रकार से नही रहेगा अगर कोई व्यक्ति उनसे लेन देन या सम्व्यवहार करता है तो उसके लिए मेरे मुवक्किल कतई जिम्मेदार नही रहेगे।
जयपुर (अरशद खान) एडवोकेट
दिनांक : 2/11/25 मो.-9351935379

पावरग्रिड POWERGRID

सूचना

1. सीईआरसी (व्यवसाय का संचालन) विनियम, 1999 के विनियम-86 और सीईआरसी (टैरिफ के नियम व शर्तें) विनियम, 2019 के तहत 2019-24 के लिए ट्रांसमिशन टैरिफ के ट्रूइंग-अप और 2024-29 टैरिफ ब्लॉक के लिए "12वीं योजना अवधि (भाग-ए) के दौरान दिल्ली के NCT में 400/220 kV सब-स्टेशन बनाने" के लिए इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, 2003 की धारा 62 के साथ धारा 79 (1) (क) और सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (कंडक्ट ऑफ बिजनेस) रेगुलेशन, 2023 के रेगुलेशन 15 (1) (क) और रेगुलेशन 23 के साथ सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (टैरिफ के नियम और शर्तें) रेगुलेशन, 2014, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (टैरिफ के नियम और शर्तें) रेगुलेशन, 2019 और सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (टैरिफ के नियम और शर्तें) रेगुलेशन, 2024 के तहत मंजूरी।
2. उपर्युक्त वर्णित ट्रांसमिशन सिस्टम के लाभार्थी हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब राज्य विद्युत निगम लिमिटेड (ङ) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (च) जम्मू एंड कश्मीर पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ट) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ठ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ड) उत्तर मध्य रेलवे (ढ) नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (ण) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड (त) दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड
3. टैरिफ विवरण:

क) 2019-24 ब्लॉक — रु. लाख में

परिसंपत्ति विवरण	31.03.2024 को पूर्णता लागत	
परिसंपत्ति-1	35373.26	एएफसी स्वीकृत
		ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी
परिसंपत्ति-2	5689.43	एएफसी स्वीकृत
		ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी
परिसंपत्ति-3	46168.89	एएफसी स्वीकृत
		ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी
परिसंपत्ति-4	164.01	एएफसी स्वीकृत
		ट्रूइंग अप के आधार पर संशोधित एएफसी

2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
0.00	0.00	769.02	5934.11	6197.38
0.00	0.00	777.40	5874.98	6042.73
0.00	0.00	0.00	1008.16	1128.54
0.00	0.00	0.00	938.05	985.90
0.00	0.00	0.00	6636.91	6976.87
0.00	0.00	0.00	6509.75	6691.41
0.00	0.00	0.00	1.46	18.73
0.00	0.00	0.00	1.47	16.01

ख) 2024-29 ब्लॉक — रु. लाख में

परिसंपत्ति विवरण	31.03.2029 को पूर्णता लागत	
संयुक्त परिसंपत्ति	87395.59	एएफसी केलेम्ड

2024-25	2025-26	2026-27	2027-28	2028-29
13,282.89	13231.13	13241.60	13137.69	12916.81

4. यह सूचना और टैरिफ के निर्धारण हेतु किए गए आवेदन की एक प्रति आवेदक की वेबसाइट www.powergrid.in पर प्रकाशित की गई है।
5. आवेदन में निहित टैरिफ के निर्धारण हेतु प्रस्तावों पर लाभार्थी सहित किसी व्यक्ति द्वारा सुझाव और आपत्तियां, यदि कोई हों, याचिकाकर्ता को उसके कारपोरेट कार्यालय के पते पर एक प्रति सहित, सचिव, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग, छठा, सातवां एवं आठवां तल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029 (या अन्य पता पर जहां आयोग का कार्यालय स्थित है) को इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के अंदर प्रस्तुत की जा सकती हैं।

स्थान: गुरूग्राम — हस्ता./-
तिथि: 28.10.2025 — महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
कॉर्पोरेट कार्यालय: सौदामिनी, प्लॉट नंबर-2, सेक्टर-29, गुरूग्राम, हरियाणा-122001
पंजीकृत कार्यालय: बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110016
वेबसाइट: www.powergrid.in, सीआईएन: L40101DL1989GOI038121
एक महारत्न पीएसयू

PG/CC/Notice-58/Advt-72/2025-26

कार्यालय नगरपालिका देवली (टोंक) राज.
Tel.- (01434) 232013 E-mail : npdeoli@gmail.com
क्रमांक :: न.पा.दे./आपत्ति आमन्त्रण सूचना/2025-26/18624462 दिनांक : 03.11.2025

आपत्ति आमन्त्रण सूचना

एतद्द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखित व्यक्तियों द्वारा अपनी सम्पति के नामान्तरण,लीज डीड हेतु आवेदन किया गया है। किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत् आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर म्याद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगीं।

क्र. स.	नाम प्रार्थी	मौहल्ला	भूखण्ड संख्या/नाप	प्रयोजन
1.	श्री पूरणमल सोयल पुत्र स्व. श्री हरचन्द सोयल	वार्ड संख्या 8 हरिजन मोहल्ला देवली	भूखण्ड संख्या ए नाप 108.88 वर्गगज	लीज डीड
2.	श्री अषोक कुमार माहुर पुत्र स्व. श्री रामनिवास माहुर	वार्ड संख्या 18 जनता कॉलोनी देवली	भूखण्ड संख्या 177 का दक्षिणी भाग नाप 60 वर्गगज	लीज डीड
3.	श्रीमती लीला देवी पत्नी श्री राकेष कुमार धोबी	वार्ड संख्या 7 बंगाली कॉलोनी देवली	भूखण्ड संख्या 160 का पूर्वी भाग नाप 44.44 वर्गगज	लीज डीड
4.	श्री मुकेष पुत्र श्री राधा किषन धोबी	वार्ड संख्या 7 बंगाली कॉलोनी देवली	भूखण्ड संख्या 160 का मध्य भाग नाप 44.44 वर्गगज	लीज डीड
5.	श्री दिनेष कुमार अग्रवाल पुत्र श्री मोहन लाल अग्रवाल	वार्ड संख्या 11 घोसी मोहल्ला देवली	भूखण्ड नाप 41.71 वर्गगज	लीज डीड
6.	श्रीमती मोसिना पटवा पत्नी श्री मोईनुदीन	वार्ड संख्या 28 ठक्कर चौक एजेन्सी ऐरिया देवली	भूखण्ड नाप 48.33 वर्गगज	लीज डीड
7.	श्री विनोद कुमार शर्मा पुत्र श्री राधाकिषन शर्मा	वार्ड संख्या 17 तेली मोहल्ला देवली	भूखण्ड नाप 66.66 वर्गगज	लीज डीड
8.	श्री परमेष्वर शर्मा पुत्र श्री राधाकिषन शर्मा	वार्ड सं